परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिए आबंटन

1470. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिए कितनी राशि आबंटित की गई;

(ख) उक्त योजनावधि के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत कितनी प्रगति की गई; और

(ग) नौवीं पंचवर्षीय योजना में इस उद्देश्य के लिए कितनी राशि आबंटित की गई है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दलित एजिलमलाई): (क) 8वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय परिवार कल्याणा कार्यक्रम के लिए आबंटित रकम 6500 करोड़ रुपये है।

वर्षवार ब्यौरा नीचे दिए अनुसार है:—

अवधि	आबंटन (करोड़ में)
1992—93	1000.00
1993—94	1270.00
1994—95	1430.00
1995—96	1581.00
1996—97	1535.00
कुल	6816.00

(ख) 8वीं पंचवर्षीय योजना में 1997 तक अशोधित जन्म दर 26.0 नवजात मृत्यु दर 70 तथा दम्पत्ति सुरक्षा दर 56 प्रतिशत प्राप्त किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इन लक्ष्यों के मुकाबले अशोधित जन्म दर 1997 में 27.2 एवं नवजात मृत्यु दर 71 तथा 31.3.98 तक दम्पती सुरक्षा दर 45.4 थी।

रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम में उल्लेखनीय सफलता मिली है और समग्र देश के लिए 8वीं योजना के अंत तक 85-90% का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप रोगों की घटना में कमी निम्न तालिका में किए गए उल्लेख के अनुसार नाटकीय रूप से आई है:—

	सूचित घटना	
	1990	1997 (अनंतिम)
डिप्थेरिया	8425	1236
टिटनस	23356	4312
पोलियो	18408	1690
खसरा	87446	61004

(ग) 9वीं पंचवर्षीय योजना में 11016.78 करोड़ रुपये का आबंटन अनंतिम रूप से किया गया है।

Setting up State Homoeopathy Medical College at Andaman

1471. SHRI RAJ NATH SINGH : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the Central Council of Homoeopathy has requested the Secretary of Health, Government of Andaman and Nicobar to explore setting up of at least one State Controlled Homoeopathic Medical College and Hospital.

(b) if so, the details of action taken on the request;

(c) if not, reasons therefor; and

(d) by when these proposals are likely to be implemented

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI DALIT EZHILMALAI): (a) Yes, Sir,

(b) to (d) The Administration of Andaman and Nicobar sponsors students of the islands for the courses in Indian System of Medicine and Homoeopathy against the seats reserved in the mainland institutions for the students of this Union Territory. As such the administration of Andaman and Nicobar has felt no need of setting up of a Homoeopatic medical college in Andaman and Nicobar at present and fruther that at present 8